पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-14

बुधवार, दिनांक- 16 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रम सं०-22 स्थगित ।

(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-822 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-830 राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को स्थानांतरित ।

(v) 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 121 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री प्रेम कुमार द्वारा दिये गये कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया -

(i) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) श्री तारकिशोर प्रसाद
(v) श्री जनक सिंह
(vi) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(vii) श्रीमती मुन्नी देवी
(viii) श्री नितिन नवीन
(ix) श्री राजेश्वर राज
(x) श्री संजय सिंह टाइगर
(xi) श्री राजकुमार राय
(xii) श्री अनिल सिंह
(xiii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

''इस दौरान भाजपा के माननीय सदस्यगण कार्यस्थगन की सूचना अमान्य किए जाने के लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार अनुरोध किया गया कि उन्हें जो भी कहना है उसे वे अपनी सीट पर जाकर कहें लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी तथा सभा की बैठक 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय- 2.00 बजे अप० से 5.02 बजे अप० तक ।

[4] **<u>वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान :-''ग्रामीण कार्य विभाग''</u>**

माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री शैलेन्द्र कुमार

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री गिरधारी यादव
(iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(iv) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(v) श्री अशोक कुमार सिंह
(vi) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन
(vii) श्रीमती मुन्नी देवी
(viii) श्रीमती ज्योति रश्मि
(ix) श्रीमती मंजू वर्मा
(x) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xi) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xii) डॉ० मो० जावेद
(xiii) श्री रत्नेश सादा

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiv) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xv) श्रीमती गुड्डी देवी

माननीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 17 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-16 जुलाई, 2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।